## सुप्रभात पलामू




**पलामू वासियों को नमस्कार।**

वसंत पंचमी सनातन धर्म का महान पर्व है। मां सरस्वती विद्या की अधिष्ठात्री हैं। इस दिन हम परिवार, समाज व देश में आदर्श स्थापित करने की उपासना करते हैं। अपनी संस्कृति को कायम रखते हुए मां की आराधना करें।

**दामोदर मिश्र, जिला मंत्री विहिप पलामू।**

## बेहतर भविष्य हेतु बेहतर परिणाम की जरूरत

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मे कक्षा बारहवीं के छात्रों को विदाई दी गयी। मंच संचालन पूजा भारती, तनुप्रिया, एंजल गुप्ता, श्रुति रानी, मीनू सिंह एवं शिवांगी आनन्द द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। सर्वप्रथम कक्षा बारहवीं के बच्चों का ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा मंच पर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने दीप प्रज्वलन किया। ग्यारहवीं की प्रिया कुमारी, कृष कुमार, पूजा भारती, सिमरन आदि के द्वारा मनोरम प्रस्तुति की गयी।



देवी का साकार रूप भक्तों को निहाल कर देती है। विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की प्रतिमा को देख प्रतीत हुआ मानो अभी बोल पडेंगी। (छाया-भोला)

## एक नजर

### ट्रैक्टर के धक्के से बाइक चालक गंभीर



**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के गुरहा हुसैनी निवासी मंटू साव उम्र 40 वर्ष ट्रैक्टर से धक्का लग जाने के कारण बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजनों ने बताया कि मंटू अपनी बाइक से अपनी भांजी को परीक्षा दिलाने जा रहे थे। इसी दौरान ट्रैकर से धक्का लग जाने के कारण वे अनियंत्रित होकर गिर जाने के कारण घायल हो गये। स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए पांकी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुये उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी।

### छात्रावास पोषण योजना की स्वीकृति से हर्ष

**मेदिनीनगर।** अनुसूचित जाति-जनजाति छात्र संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने छात्रावास पोषण योजना-2024 को झारखंड कैबिनेट से स्वीकृति मिलने पर हर्ष व्यक्त किया है। इस योजना के तहत कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ी जाति और अल्पसंख्यक छात्रावास के छात्र -छात्राओं को सुबह का नाश्ता एवं दिन व रात का भोजन दिया जायेगा। यह योजना एनजीओ के द्वारा संचालित होगा। प्रति छात्र तीन हजार रुपया खर्च होगा। पोषण योजना के तहत छात्रावास निर्माण, संचालन, संवर्द्धन एवं मरम्मती का कार्य शुरू होगा। अध्यक्ष ने सीएम चंपाई सोरेन को इसके लिये बधाई दी है।

### समाजसेवी ने शुरू कराया पूर्वडीहा-पथरिया पथ का निर्माण कार्य

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी नेता राकेश तिवारी ने अपना वादा निभाते हुए जर्जर पूर्वडीहा-पथरिया पथ के मरम्मति का कार्य प्रारंभ कराया है। श्री तिवारी ने बताया कि सदर प्रखंड अंतर्गत जोड़ गांव में आयोजित पंचायत स्तरीय जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उन्हें बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया था और जनसंवाद के दौरान पूर्वडीहा के ग्रामीणों ने वर्षों से इस सड़क के खस्ताहाली की कहानी सुनाई थी। इसके बाद राकेश तिवारी ने आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सह पलामू प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव से मंत्रणा कर इस सड़क का निर्माण कार्य अपने पैसे से कराने का भरोसा ग्रामीणों को दिया था। पलामू प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव की उपस्थिति में रविवार को राकेश तिवारी अपनी टीम के सदस्यों के साथ सड़क को देखने निकले और मरम्मति कार्य शुरू कराया। प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र चौबे के मार्गदर्शन में पिछले माह से राकेश तिवारी ने क्षेत्र की जनसमस्याओं का समाधान निजी स्तर पर कराना प्रारंभ किया है।

## बेमौसम बरसात से पारा लुढ़का जल जमाव से लोगों में बढ़ी परेशानी

**दिनभर नहीं हुये भगवान भास्कर के दर्शन, बिस्तर में दुबके रहे लोग**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मंगलवार सुबह हुई बेमौसम बारिश से जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं जगह-जगह जलजमाव के कारण नागरिकों को आवागमन करने में परेशानी उठानी पड़ी। दो दिन से आसमान में उमड़-घुमड़ कर रहे बादल मंगलवार भोर में बरस पड़े। दिन चढ़ने तक बरसात होने व सर्द हवा के थपेड़ों के कारण गलन में भी इजाफा दर्ज किया गया है। बरसात के कारण शहर में जगह-जगह भीषण जलजमाव की स्थिति



उत्पन्न हो गयी। इससे राहगीरों व वाहन चालकों को आवागमन करने में परेशानी उठानी पड़ी। दिनभर आसमान में बादल छाये होने के कारण लोगों को सूर्यदेव के भी दर्शन नहीं हुये। मौसम के बदले मिजाज के कारण नागरिक दिन चढ़ने तक बिस्तर में ही दुबके रहे। इसके साथ ही पैक करने की तैयारी में जुटे नागरिक एक बार फिर से गर्म कपड़े निकालने को विवश हुये। बरसात के कारण सुबह स्कूल जाने में बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### वनरक्षी व ट्रेकर हरियाणा के मानेसर में ले रहे प्रशिक्षण, जल्द दिखेगा कुत्ता

## पीटीआर में खोजी कुत्ता रखने की कवायद तेज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में एक सूंघने वाले खोजी कुत्ता रखने की कवायद तेज हो गयी है। इस सिलसिले में एक वनरक्षी और ट्रेकर को हरियाणा राज्य के मानेसर जिले में भेजा गया है। यह दोनों कर्मी वहां कुत्तों को हैंडल करने और रखरखाव की ट्रेनिंग ले रहे हैं। छह माह की प्रशिक्षण अवधि में इनकी तीन माह की ट्रेनिंग पूरी भी हो गयी है। पीटीआर उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया कि कर्मियों का प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद सूंघी कुत्ते को लाया जायेगा।

**इस सिलसिले में एक वनरक्षी और ट्रेकर को हरियाणा राज्य के मानेसर जिले में भेजा गया है, यह दोनों कर्मी वहां कुत्तों को हैंडल करने और रखरखाव की ट्रेनिंग ले रहे हैं।**

### एक दशक पूर्व थे दो कुत्ते

बताया जाता है कि एक दशक पूर्व पीटीआर में दो खोजी कुत्ते थे। इन कुत्तों से लकड़ी की तस्करी करने वालों व हिरणों का शिकार करने वाले खौफ खाते थे। 2015 में ट्रेसी नाम के कुत्ते की मौत लंबी बीमारी के कारण हो गई थी। उसे इलाज के लिए रांची भी ले जाया गया था। उसके एक साल के बाद टाइगर नामक कुत्ते की भी मौत हो गई थी।

### अन्य टाइगर रिजर्व में है खोजी कुत्ता

उप निदेशक श्री जैना ने बताया कि मध्य प्रदेश स्थित संजय डूबरी टाइगर रिजर्व, महाराष्ट्र के पेंच उड़ीसा राज्य के सिमलीपाल टाइगर रिजर्व में भी सूंघने वाला कुत्ता मौजूद है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी छह माह के अंतराल में पीटीआर में खोजी कुत्ता आ जाने की संभावना है।

## शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर नहीं लग रही रोक



**पर्यावरण को पहुंच रहा नुकसान, बेमौत मर रहे पशु**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रतिबंध के बावजूद बाजार में धड़ल्ले से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है। सरकार के स्पष्ट आदेश के बाद भी दुकानदारों के साथ ग्राहक भी धड़ल्ले से इसका प्रयोग कर रहे हैं। इससे जहां पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। वहीं खाद्य पदार्थों के साथ इसका सेवन करने से पशु भी बेमौत अपनी जान गवां रहे हैं। हाल यह है की फुटकर दुकानदारों के साथ बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक की थोक बिक्री भी हो रही है। कोई भी दुकान में प्लास्टिक सहजता से उपलब्ध हो जा रहा है। खुदरा फल-सब्जी, मिठाई, किराना वालों से लेकर हर कोई धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहा है। शुरूआत में नगर निगम की छापेमारी व जुर्माने की कार्रवाई से कुछ हद तक इसका प्रचलन कम अवश्य हुआ था, किंतु धीरे-धीरे पुनः पूर्व की स्थिति बहाल हो गयी है। वैवाहिक समारोहों के साथ अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी प्लास्टिक के उत्पादों का प्रयोग बदस्तूर जारी है। जबकि एक जुलाई 2022 से ही सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा है। लोगों ने नगर निगम प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

## सुदना में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ 16 से, तैयारी पूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सुदना स्थित श्रीतुलसी मानस मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन 16 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। देवी मंडप ट्रस्ट द्वारा आयोजित भागवत कथा का समापन 24 फरवरी को किया जायेगा। आयोजन समिति के अभिमन्यु ओझा ने बताया कि भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गई है।



17 फरवरी से वृंदावन से पधारीं भागवत कथा वाचिका अलका किशोरी श्रद्धालुओं को भागवत कथा सुनाएंगी। यजमान विनोद अग्रवाल, शशिकला देवी, विजय पाल, बेबी देवी एवं अंबिकापुर के विशाल सिंह, दीपिका सिंह पूजा अनुष्ठान में सक्रिय रहेंगे। श्रद्धालुओं को महायज्ञ में शामिल होने के लिए समिति के कार्यकर्ता डोर टू डोर भ्रमण कर न्योता दे रहे हैं। महायज्ञ को सफल बनाने में आयोजन समिति के रामाकांत पांडेय, हेमंत सिंह, राम सिंह, राजा पाठक, मनीष उपाध्याय, अनिल पांडेय, अजय दुबे, ललन सिंह, नवल किशोर तिवारी, प्रमोद गुप्ता, विनोद अग्रवाल, विनोद दूबे, राकेश पाठक, रघुवंश पांडेय, विशाल रंजन, सुवंश पाल, गुप्तेश्वर पाल, सुधीर सोनी, राजा गुप्ता, शोभा दूबे, रंजूला सिंहा, सीनू पाठक, सरोज गुप्ता, कालिंदा ओझा आदि जुटे हैं।

## महिलाओं, किसानों,युवाओं के न्याय की यात्राः मीर



**मेदिनीनगर।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी सह जम्मू कश्मीर से विधायक गुलाम अहमद मीर ने कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा का लोकसभा चुनाव से संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि मेन मीडिया राहुल गांधी की न्याय यात्रा को नहीं दिखा रही है, लेकिन सोशल मीडिया पर न्याय यात्रा को लोग देख रहे हैं। राहुल गांधी की न्याय यात्रा के दूसरे चरण कि तैयारी के लिए गुलाम अहमद मीर पलामू आए हुए है। उनके साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत कई टॉप नेता पलामू के इलाके में कैम्प कर रहे हैं। मंगलवार को गुलाम अहमद मीर ने पलामू के नावाबाजार में पत्रकारों से बातचीत की। कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा पांच बिंदुओं पर है। यह महिलाओं की सुरक्षा, रोजगार, सामाजिक, किसान व युवा को लेकर है।

### 19वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स में करेगी सहभाग

## 12 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम गुजरात रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं गुजरात एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा 16 से 18 फरवरी तक गुजरात विश्वविद्यालय, नवरंग पुरा, अहमदाबाद में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पलामू जिले से 12 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे एवं मैनेजर रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में विभिन्न स्पर्धा में भाग लेने के लिए अहमदाबाद रवाना हुई। बेस्ट परफॉर्मेंस के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया जो पलामू का प्रतिनिधित्व करेंगे। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया सोमवार की शाम खिलाड़ियों को रवाना किया गया। गुजरात गये खिलाड़ियों में बालक अंडर 16 आयु वर्ग में जीपीएस स्कूल से आशुतोष कुमार ठाकुर-पैंथालोन, अंकित कुमार -जेवेलिन, प्रतम्य पाण्डेय - गोला फेंक, बीसी मिशन स्कूल से साधना कुमारी-60 मीटर दौड़, वीपीएम ज्ञान निकेतन से संध्या कुमारी- ऊंची कूद व अंश कुमार - 60 मीटर दौड़ में भाग लेंगे। इसके साथ ही बालक अंडर 14 आयु वर्ग की ट्रेथलॉन स्पर्धा में वीपीएम ज्ञान निकेतन से अपर्णा कुमारी व मानसी कुमारी, जीजीपीएस जमुने से प्रतीक उपाध्याय एवं ओरिएंट स्कूल से आयुष कुमार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सभी खिलाड़ियों को पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा,ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आजात शत्रु प्रसाद सिन्हा, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी, एथलेटिक्स एसोसिएशन के संरक्षक महेंद्र कुशवाहा,वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, सचिव सुमित बर्मन, साइकिल एसोसिएशन के सचिव सिद्धार्थ कुमार, शूटिंग संघ के अध्यक्ष अमरेंद्र पाठक, सचिव अशोक सिंह, जीपीएस स्कूल जमुने की शारीरिक शिक्षक प्रीति कुमारी, एथलेटिक्स कोच मोनू कुमार इत्यादि ने शुभकामना दी है।

**देश भर के कुल 616 जिले की टीमें ले रहीं हैं भाग**



## विकास से कोई भी क्षेत्र नहीं रहेगा अछूता, प्रयास जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड अंतर्गत बैदा से कुड़वा तक पथ मरम्मति कार्य का शिलान्यास स्थानीय विधायक पुष्पा देवी ने किया। मौके पर विधायक ने कहा कि पाटन-छतरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत एक-एक समस्या का समाधान किया जा रहा है। सड़क, विद्यालय भवन, सामुदायिक भवन, सरकारी भवनों की चारदीवारी आदि के निर्माण से लेकर गांवों का चहुंमुखी विकास पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि कई ग्रामीण सड़कों के जीर्णोद्धार के अलावा नई सड़कों का भी निर्माण किया गया है। वहीं कई योजनाओं की स्वीकृति के बाद निविदा की प्रक्रिया चल रही है। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने कहा कि विधायक के नेतृत्व में क्षेत्र में कई विकास कार्य चल रहे हैं। गरीबों के लिए चल रही सरकारी योजनाएं उन तक पहुंचे इस पर उनकी नजर है। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि उमेश सिंह, पूर्व मुखिया अखिलेश सिंह, उताकी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि डॉ इंदल महतो, कामता सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह, गौतम सिंह, शुभम क्रांति, पारस मेहता, डॉ. कृष्ण मुरारी तिवारी आदि मौजूद थे।



## राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की सभी कमेटियां भंग

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की सभी कमेटियों को भंग कर दिया गया है। उक्त घोषणा प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने की। श्री तिवारी ने मंगलवार को कहा है कि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने कई बड़े धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया है। निकट भविष्य में भी कई बड़े आयोजन की तैयारी की जा रही है, जिसे सफलता की मंजिल तक पहुंचाने के लिए नये एवं पुराने चेहरों को मिलाकर नई कमेटी की जल्द घोषणा की जाएगी। वर्तमान में प्रदेश अध्यक्ष के अलावा झारखंड प्रदेश के मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय एवं महासंरक्षक धर्मरत्न देवकीनंदन ठाकुर अपने पद पर बने रहेंगे।

**चिंताजनक**

### कम उम्र में ही बच्चों की आंखों पर चढ़ रहे चश्मे, अभिभावक चिंतित

## स्मार्टफोन की बढ़ती आदत बच्चों की आंखों के लिये घातक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्मार्टफोन की बढ़ती आदत बच्चों की आंखों की सेहत के लिये घातक साबित हो रही है। कम उम्र में ही बच्चों की आंखों पर चश्मा चढ़ जाने से अभिभावक चिंतित नजर आ रहे हैं। आज कल छोटे बच्चों में स्मार्टफोन पर कार्टून देखने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। बच्चों को चुप कराने के लिए भी अभिभावक उन्हें स्मार्टफोन पकड़ा दे रहे हैं। इसके साथ ही स्कूलों में भी आनलाईन क्लास का बढ़ता चलन भी बच्चों की आंखों की सेहत को बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। हमारे देश में कहावत प्रचलित है कि बढ़ती उम्र के साथ आंखों की रोशनी कम होती जाती है तथा बच्चों की आंखों पर चश्मा चढ़ जाता है। अब स्मार्टफोन के बढ़ते चलन के कारण छोटी उम्र में ही बच्चों की आंखों पर चश्मा चढ़ने लगा है। साथ ही घरों में लगातार चलने वाले टेलीविजन भी बच्चों की आंखों पर दुष्प्रभाव डाल रहे हैं।

**अब स्मार्टफोन के बढ़ते चलन के कारण छोटी उम्र में ही बच्चों की आंखों पर चश्मा चढ़ने लगा है**



### आहार में पर्याप्त हो विटामीन ए की मात्रा

आंखों को स्वस्थ बनाने के लिये बच्चों के आहार में विटामीन ए की मात्रा पर्याप्त होना जरूरी है। बच्चों के खाने में फल, हरी सब्जियां, एग्स, फिश और डेयरी प्रोडक्ट्स अवश्य शामिल करें। आंखों को राहत प्रदान करने के लिये टीवी व स्मार्टफोन का कम से कम प्रयोग करें। साथ ही समुचित नींद लेना भी जरूरी है।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक '**राष्ट्रीय नवीन मेल**' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### ओबीसी सम्मेलन से नई करवट लेगी राजनीति

**गढ़वा।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के तत्वावधान में मेदिनीनगर में आयोजित पलामू प्रमंडलीय कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाने पर मंच के पदाधिकारी ब्रह्मदेव प्रसाद आदि ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। साथ ही कहा कि इसके बाद अब प्रदेश की राजनीति नई करवट लेगी। ओबीसी समाज को जागरूक करने के लिए यह आंदोलन एक शुरूआत है। यदि राज्य एवं केंद्र सरकार ने ओबीसी समुदाय को पूरा हक व अधिकार नहीं दिया तो आंदोलन आगे राज्य स्तर से लेकर देश स्तर तक जारी रहेगा। श्री प्रसाद ने मंगलवार को गढ़वा स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। मौके पर मुख्य रूप से राजनारायण पटेल, प्रमोद सोनी, विरेंद्र साव, प्रमोद चौधरी, रविंद्र नाथ ठाकुर, जितेंद्र कुमार, अब्दुल मन्नान आदि उपस्थित थे।

### विधायक ने जताया शोक



केतार। प्रखंड के चेचरीया गांव निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता बसंत जयसवाल की मृत्यु पर विधायक भानू प्रताप शाही ने उनके घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को इस दुःख से उबरने के लिए ढांढस बढ़ाया। वहीं विधायक सहित भाजपा कार्यकताओं ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। विदित हो की सोमवार की देर शाम बसंत जयसवाल की सड़क दुघर्टना में मृत्यु हो गई थी।

### प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मंत्री से की मुलाकात



**गढ़वा।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को सर्किट हाउस में जिला अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साहू से भेंट करके समाज हित में चर्चा की। इस दौरान समाज की तरक्की व एकजुटता को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मौके पर महामंत्री मनोज प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता, डॉक्टर सोनू गुप्ता, संरक्षक सुनील कुमार गुप्ता, अजीत कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, रामचंद्र साहू, डॉक्टर आलोक कुमार गुप्ता, लखन प्रसाद गुप्ता, मुकेश कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के भागोड़ीह गांव निवासी बाबूलाल राम का पुत्र घनश्याम कुमार मोटर साइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घनश्याम मोटरसाइकिल से बिशनपुरा बाजार करने के लिए गया था। वापस आने के दौरान पूरहे गांव के पास सड़क खराब होने के कारण उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गयी। एक अन्य घटना में नगर ऊंटारी-भवनाथपुर मार्ग पर भगवान घाटी के पास टेंपो से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल भवनाथपुर थाना क्षेत्र के चपरी गांव निवासी बुधु अगरिया का पुत्र कमलेश अगरिया बताया गया है। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है।

**घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घनश्याम मोटरसाइकिल से बिशनपुरा बाजार करने के लिए गया था। वापस आने के दौरान पूरहे गांव के पास सड़क खराब होने के कारण उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गयी**

### विद्युत स्पर्शाघात से घायल

गढ़वा। थाना क्षेत्र के तेनार गांव निवासी स्व. मुन्नी साव का पुत्र बिहारी साव विद्युत स्पर्शाघात के कारण घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर की बिजली चली गयी थी। इसे ठीक करने के लिये वह तार हिला रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया। आनन -फानन में परिजनों द्वारा उन्हें चिकित्सालय ले जाया गया।

### मारपीट में घायल

गढ़वा। रमना थाना क्षेत्र के मड़वनिया गांव निवासी स्व. जानकी यादव का पुत्र हरि चंद्र यादव मारपीट की घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में हरि ने बताया कि उनकी पत्नी उप मुखिया हैं। सरस्वती पूजा को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इसी दौरान कान्हा यादव, उसका पुत्र सूर्यदेव यादव व रामनाथ यादव आदि ने उन पर कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। पीड़ित द्वारा रमना थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी है।

### विधायक ने किया शिलान्यास, ग्रामीणों को आवागमन में होगी सहूलियत

# 2.17 करोड़ की लागत से होगा बलिगढ़- चटनियां डैम सड़क का निर्माण, लोगों ने जतायी खुशी



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ गांव मे मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक भानू प्रताप शाही ने 2.17 करोड़ रुपए की लागत से 3.5 किलोमीटर कालीकरण पथ का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। उक्त सड़क का निर्माण मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना मद से बलिगढ़. मुख्य पथ से बस्ती होते हुये चटनियां डैम तक होगा। इस मौके पर विधायक श्री शाही ने कहा कि उनका संकल्प बलिगढ़.पंचायत के हर गांव और टोला की सड़कों का पक्कीकरण करना है। वर्तमान में बलिगढ़. शिक्षा, सड़क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के मामले में जिला में नम्बर वन पर है। उन्होंने कहा कि ढाढ़रा नदी पर पुल बनाकर बृजनाथ सिंह इंटर महाविद्यालय को मुख्य सड़क से जोड़ना के लिए प्रयास किया जा रहा है। पंचायत की अन्य दो सड़कें भी टेंडर प्रक्रिया में हैं। उन्होंने संवेदक और कनीय अभियंता को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कराने की हिदायत दी। झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए विधायक ने कहा कि यह सरकार विकास और जन विरोधी है। इस मौके पर भाजपा नेता राजीव रंजन तिवारी, भगत दयानंद यादव, प्रमोद शुक्ल, मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, भाजयुमो अध्यक्ष रविन्द्र सोनी, सत्येन्द्र ठाकुर, विक्रमा सिंह, उमेश सिंह, नागेन्द्र प्रजापति, राम प्रवेश ठाकुर, गौरव सिंह,राजा शुक्ला, भोला सिंह, बीरबल मेहता, मनोज फौजी, चतुर्गुण विश्वकर्मा, राधा विश्वकर्मा, लल्लू विश्वकर्मा मौजूद थे।

### झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुए

पंचायत सचिवालय परिसर बलिगढ़.में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा छोड़कर दो दर्जन कार्यकता भाजपा में शामिल हुये। इनमें शिवकुमार विश्वकर्मा, भोला सिंह, सुंजत विश्वकर्मा, मुन्ना रजक, दिलीप विश्वकर्मा सहित अन्य ने का कि वे विधायक के विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। विधायक ने फुल माला पहनाकर उन सबका पार्टी में स्वागत किया।

### मझिआंव थाना क्षेत्र के कोइनबार में मिले महिला के शव मामले का खुलासा

# प्रेमी ने की थी प्रेमिका की हत्या, गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मझिआंव पुलिस ने प्रेमिका के साथ शारीरिक संबंध बनाकर हत्या करने के आरोप में उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त मझिआंव थाना क्षेत्र के भाटोलिया गांव निवासी शेख सलीम की निशानदेही पर दो मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त खून लगा पत्थर, महिला का पर्स, चादर, बस टिकट एवं अन्य सामान बरामद किया गया है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने अपने कार्यालय के सभागार में आयोजित वार्ता में बताया कि आठ फरवरी को मझिआंव थाना अंतर्गत कोइनबार टोला हरैया में एक अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस गंभीरता पूर्वक मामले के अनुसंधान में जुटी थी। शव की शिनाख्तगी के क्रम में मृतका की पहचान चंद्रपुरा गांव निवासी अफसा तबस्सुम के रूप में की गई थी। वह दो बच्चों की मां थी। उन्होंने बताया कि घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। विस्तृत तफ्तीश के बाद पुलिस ने शेख सलीम को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि मृतका मझिआंव थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव निवासी अफसा तबस्सुम के साथ उसका प्रेम प्रसंग था। पिछले 20 अक्टूबर को मृतका को भगाकर वह अंबिकापुर ले गया था। इसके बाद 18 जनवरी को वह अपने भाई की शादी में शामिल होने के लिए अपने गांव आ गया। इस दौरान 26 जनवरी को तबस्सुम द्वारा फोन कर उसे बताया गया कि उससे मिलने के लिए वह बिशुनपुरा आई है। वह यहां आये, नहीं तो वह उसके घर आ जाएगी। इससे घबराकर वह भागे-भागे वहां पहुंचा तथा जंगल के रास्ते से होकर उसे लेकर घटनास्थल पर पहुंचा।

### हत्या के पूर्व बनाया शारीरिक संबंध

आरोपी ने बताया कि घटनास्थल पर शादी को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद भी आरोपी ने महिला के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। एसपी श्री पांडेय ने बताया कि मृतका के ससुर के द्वारा मझिआंव थाने में अफसा तबस्सुम के गायब होने की रिपोर्ट भी दर्ज करायी गयी थी। अनुमंडल पुलिस उपाधिकारी नीरज कुमार के अलावा मझिआंव पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह, थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित, पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत कुमार, विकास कुमार, स्वामी रंजन ओझा, चालक आरक्षी मिथिलेश तिवारी, सहायक पुलिस ओम प्रकाश चौधरी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# बीडीओ ने की समीक्षा, पुरानी योजनाओं को बंद करने के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगल दिवस पर बीडीओ सावित्री कुमारी ने प्रखंड कर्मियों और जन प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। उक्त बैठक में बीडीओ ने मनरेगा योजना से संचालित पुरानी व लंबित योजनाओं को पूर्ण कराकर बंद करने का निर्देश मनरेगा कर्मियों को दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत में मनरेगा मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए नयी योजना शुरू करने पर विचार किया जाएगा। बीडीओ ने प्रखंड के लोगों को जेएसएलपीएस से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की। अबुआ आवास में आ रही शिकायतों का निराकरण करते हुए योग्य लाभुको को ही इस योजना से लाभान्वित करने को कहा। वहीं प्रखंड स्तरीय 16 फरवरी को सामाजिक अंकेक्षण जन सुनवाई के लिए पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को एक्शन टेकन रिपोर्ट लेकर आने को कहा गया। जबकि बीडीओ का प्रभार लेने के बाद बिना उनकी जानकारी के 19 सिंचाई कूप स्वीकृत करने को छोड़कर बाकी योजनाओं का भुगतान करने का निर्देश दिया है। इस मौके पर मुखिया मुंगा साह, प्रमोद कुमार, श्याम सुंदर बैठा, प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, सीताराम शर्मा,बीपीओ मनोज कुमार, प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार,पंचायत सचिव अशोक कुमार उपस्थित थे।

# गठबंधन सरकार ने एससी वर्ग को किया उपेक्षित : घूरन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** लोक सभा चुनाव से ठीक पहले आईएनडीआईए गठबंधन को झारखंड में जोर का झटका लग गया है। गठबंधन के सबसे मजबूत साथी राजद के राष्ट्रीय सचिव पलामू के पूर्व सांसद एवं अनुसूचित जाति के झारखंड के सबसे बड़े चेहरे घूरन राम ने मंगलवार को राजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने इस्तीफे की घोषणा जिला मुख्यालय गढ़वा के कृष्ण हरि होटल में अपने समर्थकों के साथ किया। उन्होंने अपने इस्तीफे का कारण प्रदेश में गठबंधन सरकार में अनुसूचित जाति की लगातार हो रही उपेक्षा को बताते हुये कहा कि वे पिछले लंबे समय से झारखंड प्रदेश में चल रही गठबंधन की सरकार में अनुसूचित जाति की भागीदारी की मांग अपने नेतृत्व से करते आ रहे थे, मगर उनकी एक नहीं सुनी गई। उन्होंने कहा कि झारखंड में हालात यह है कि यहां पर इंडिया गठबंधन की सरकार में अनुसूचित जाति का कोई महत्व नहीं है। यही कारण है कि झारखंड मंत्रिमंडल में भी अनुसूचित जाति को स्थान नहीं दिया गया है। यहां तक की बोर्ड निगम में भी अनुसूचित जाति की लगातार उपेक्षा की जा रही है।

**पलामू प्रमंडल में लोस चुनाव से पूर्व आईएनडीआईए गठबंधन को लगा तगड़ा झटका**

### चार वर्ष में नहीं हो सका एससी आयोग का गठन

पूर्व सांसद श्री राम ने आरोप लगाया कि प्रदेश में एससी वर्ग की इससे बड़ी उपेक्षा और क्या हो सकती है कि गठबंधन सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल में झारखंड में अनुसूचित जाति आयोग तक का गठन नहीं किया जा सका है। इस दौरान उनके साथ जेएमएम के उमेश सिंह, विनोद चन्द्रवंशी, शनि चन्द्रवंशी, सुभाष चन्द्र मेहता, राजा लाल सिंह, विनोद यादव, राजेंद्र राम, उपेंद्र कुमार, अनिल कुमार, अरविंद कुमार पटवा, जितेंद्र चन्द्रवंशी ने भी अपनी पार्टी छोड़ दी है।

### पुलिस कर रही है मामले की छानबीन, आक्रोशित लोग सड़क पर उतरे

# असलहे के दम पर जेवर दुकान से लाखों की लूट



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के मध्य स्थित गढ़देवी मोड़ चौक के पास स्थित रूप अलंकार ज्वेलर्स में अज्ञात आधा दर्जन अपराधियों के द्वारा असलहे के दम पर लाखों की लूट की घटना को अंजाम दिया गया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। समाचार लिखे जाने तक घटना से आक्रोशित दुकानदार व नागरिक सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात में आठ बजे गढ़देवी मोड़ चौक स्थित रूप अलंकार ज्वेलर्स में दो मोटरसाइकिल पर सवाल अपरारियों ने असलहे के दम पर 20 मिनट तक लूटपाट की। जाते-जाते दुकानदार को जान से मारने की धमकी भी दे गए। साथ ही हवा में तीन फायर किये जाने से क्षेत्र में दहशत फैल गयी। दुकानदार ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह मंगलवार की देर शाम अपने दुकान पर बैठे हुए थे। इस बीच तीन युवक आभूषण खरीदने के लिये दुकान में आए हुए थे। इस बीच दो मोटरसाइकिल पर सवार छह अपराधी दुकान में प्रवेश कर गये तथा हथियार के दम पर लूटपाट की। घटना के बाद एसपी दीपक कुमार पांडे घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर काम कर रही है। जल्द ही लूटेरे पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

**हवाई फायरिंग कर अपराधियों ने फैलायी दहशत**

### महाभंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन

**श्रीबंशीधर नगर।** मंगरदह ग्राम में चल रहे पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन सोमवार को हवन व महाभंडारे के साथ किया गया। भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रीश्यामनारायणाचार्य स्वामी के नेतृत्व में हो रहे कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। अंतिम दिन स्वामी जी ने धर्म और कर्म पर प्रकाश डालते हुये कहा कि कर्म से बड़ा कोई धर्म नही है। अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना ही सबसे बड़ा धर्म है। यजमान के रूप में सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय, उपस्थित थे।

### संयुक्त सचिव के निर्देश के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**डंडई।** संयुक्त सचिव के स्पष्ट निर्देश के बाद भी अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर रिश्वत मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। इसे लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है। प्रदेश सरकार के संयुक्त सचिव जितेंद्र देव ने नौ फरवरी को ही प्रदेश के सभी उपायुक्त व उपविकास आयुक्तों को ऐसे मामलों के विरुद्ध सख्त और अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया है। साथ ही उनके द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अबुआ आवास योजना में किसी भी तरह की अनिमियातता, बिचौलिया गिरी तथा रिश्वत की उगाही जैसा मामला मंजूर नहीं है। इसके बाद भी डंडई निवासी विद्यावती देवी पति मनोज साहू से प्रखंड आवास कोऑर्डिनेटर द्वारा अलग-अलग किश्तों में 40 हजार रुपये की ठगी मामले में अभी तक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की गयी है। भुक्तभोगी ने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये मामले में तत्काल कार्रवाई की गुहार लगाई गयी है।

### पत्रकार के आकस्मिक निधन पर शोक सभा

**मझिआंव।** लातेहार के राष्ट्रीय नवीन मेल के ब्यूरो चीफ अजय सिन्हा की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत पर मझिआंव प्रखंड सभागार में शोक सभा कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की गयी। विदित हो कि 11 फरवरी को ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रमंडल अध्यक्ष सह लातेहार राष्ट्रीय नवीन मेल के ब्यूरो चीफ अजय सिन्हा का शव रेलवे ट्रैक के किनारे मिला था। परिजनों ने उनकी हत्या की आशंका जताई है।

### भंडारे में हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



**श्रीबंशीधर नगर।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में एक हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का शुभारंभ श्रीबंशीधर मंदिर ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, समाजसेवी राजेश पांडे और विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष गौरव पांडे ने हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भोग लगाकर किया। प्रसाद स्वरूप श्रद्धालुओं के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम देर शाम तक जारी रहा। मौके पर युवा नेता विकास बल्लभ पांडे,बजरंग दल संयोजक उत्कर्ष जायसवाल, विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री राहुल जायसवाल, विकास कुमार, पिंटू कुमार, बादल पासवान, निखिल कुमार तिवारी, ललित पासवान, अखिलेश कुमार, विजय जायसवाल, राहुल चंद्रवंशी मौजूद रहे।

### आवास दिलाने के नाम पर वसूले दस हजार लौटाया

**भवनाथपुर।** केतार प्रखंड के बांसडीह गांव निवासी संतोष पासवान की पत्नी प्रेमशिला देवी ने सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी को आवेदन देकर आवास दिलाने के नाम पर दस हजार रुपए अवैध तरीके से लेने कि शिकायत की है। आवेदन में उल्लेख किया है कि आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ब्लाक कोआर्डिनेटर अनूप कुमार ने तीन माह पूर्व 10 हजार रुपए लिया था,लेकिन अब तक आवास योजना का लाभ नहीं मिला। महिला ने बीडीओ से पैसा वापस दिलाने का आग्रह किया। आवेदन देने के करीब एक घंटा बाद महिला को ब्लॉक कोआर्डिनेटर के द्वारा दूसरे व्यक्ति के माध्यम से जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद की उपस्थिति में दस हजार रुपए वापस दिलाया गया। हालांकि अभी भी कोआर्डिनेटर द्वारा पैसा लेने से इंकार किया जा रहा है।

## पहल

### राज्य कैबिनेट ने दी स्वीकृति, पथ निर्माण विभाग करायेगा निर्माण

# 200 करोड़ की लागत से बनेंगी गढ़वा की तीन महत्वपूर्ण सड़कें

### झूठ, फरेब की बुनियाद लंबी नहीं होती, जल्द होगा साजिश का पदार्फाश : मिथिलेश ठाकुर



**गढ़वा।** जिले की तीन अति महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया जाएगा। राज्य कैबिनेट ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इन तीनों सड़कों के निर्माण पर करीब 200 करोड़ रुपए की लागत आयेगी। पथ निर्माण विभाग झारखंड (पीडब्लूडी) द्वारा इनका निर्माण किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पथ प्रमंडल गढ़वा अन्तर्गत डेंटल मोड़ एनएच-75 से हूर चारमुहान होते हुए नावा दोहरी एनएच-343 तक 15 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा। करीब 98 करोड़ की लागत से बनने वाली इस सड़क निर्माण में भूमि अधिग्रहण भी शामिल है। इसके निर्माण से फरठिया, महुपी, मधेया, हूर, नावादोहरी आदि गांव सीधे पीडब्ल्यूडी सड़क से दोनों एनएच से जुड़ जायेंगे। यह सड़क सात मीटर चौड़ी अर्थात डबल लेन की होगी। इस पथ के निर्माण होने से एक अतिरिक्त बाईपास की सुविधा भी मिल सकेगी। इससे जुड़े गांवों का सामाजिक-आर्थिक विकास भी हो सकेगा। दूसरी सड़क एक ओर एनएच-75 तो दूसरी ओर राज्य राजपथ को जोड़ती है। यह सड़क एनएच-75 से बिकताम, दलेली होते हुए मंझिआंव पीडब्ल्यूडी पथ को जोड़ेगी। लगभग नौ किमी लंबी इस सड़क के निर्माण पर भूमि अधिग्रहण सहित करीब 40 करोड़ की लागत आएगी। यह सड़क भी डबल लेन सात मीटर की होगी तथा एक बाईपास का कार्य करेगी। तीसरी सड़क की मांग भी कई वर्षों से नगर ऊंटारी एवं गरबांध की जनता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाती रही है। 15.7 किमी लंबी इस सड़क के निर्माण पर लगभग 62 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह पथ झारखंड एवं यूपी को जोड़ने वाली एक लिंक का कार्य करेगी। आदिवासी एवं नक्सल प्रभावित इस क्षेत्र के लिए यह सड़क एक बड़ा सामाजिक और आर्थिक बदलाव लाएगी।

### पूर्व सीएम हेमंत के सोच से हो रहा बदलाव

विधायक श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा जिले में पिछले चार वर्षों में जो अभूतपूर्व विकास व बदलाव हुआ तथा अगले वर्षों के लिये विकास का जो ब्लू प्रिंट तैयार हुआ है। वह पूर्णरूप से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच और गढ़वा के प्रति उनके असीम स्नेह का ही परिणाम है। गढ़वा की समस्याओं, यहां के लोगों की तकलीफों को उन्होंने न सिर्फ.देखा था, बल्कि महसूस भी किया था। आज एक साजिश के तहत उन्हें पदच्युत किया गया है। पर जल्द ही सच सामने आएगा और वे पुनः हमारे बीच होंगे। झूठ, फरेब की बुनियाद लंबी नहीं होती।

